तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 10 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 प्राइमरी और मीडिल स्कूल की अर्द्धवार्षिक परीक्षा की गई स्थगित



# नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ा करना पड़ा महंगा, 1937 चालकों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे इसके लिए यातायात पुलिस ने शहर के अलग-अलग चौक चौराहों में नो पार्किंग जोन घोषित कर रखा है लेकिन इसके बाद भी वाहन चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं। खासतौर पर ट्रेलर चालक शहर के और आउटर की सड़कों पर बड़े पैमाने पर सड़कों पर ही वाहनों को खड़ा कर देते हैं। जिसकी वजह से हादसे होते हैं। ऐसे वाहन चालकों को सबक सिखाने के लिए यातायात पुलिस ने पिछले 11 महीने में 1937 चालकों के खिलाफ कार्यवाही कर उनसे 5 लाख 81 हजार 5 सौ रुपए समन शुल्क के रूप में वसूल किया है।

अलग खबर

उल्लेखनीय है कि जिले में सड़क हादसों पर लगाम लगाया जा सके इसके लिए यातायात पुलिस सड़कों पर लगातार नजर आ रही है। खासतौर पर ज्यादातर सड़क हादसे सड़क में ब्रेकडाउन हालत या फिर बेतरतीब खड़े वाहनों की की वजह से यातायात व्यवस्था बाधित होती है तो वहीं दूसरी ओर सड़क हादसे भी होते हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने या फिर हादसों पर लगाम लगाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार सड़कों पर पहुंच कर ऐसे लोगों को समझाइश भी देती है और खासतौर पर ट्रक और ट्रेलर वाहनों में रेडियम पट्टी लगाने का काम भी करते हैं लेकिन इसके बाद भी ट्रेलर चालक, कार चालक व मोटरसाइकिल चालक बेतरतीब ढंग से अपने वाहनों को नो पार्किंग जोन में ही खड़ा कर देते हैं। ऐसे लोगों को पर सख्त कार्यवाही के लिए यातायात पुलिस अपने साथ लॉक को लेकर पहुंचती है और ⏭ शेष पेज 3 पर

## शहर और आउटर में यातायात पुलिस लगातार कर रही है कार्यवाही

**खास बात**

- अब तक कुल 5 लाख 81 हजार से अधिक का जुर्माना किया गया वसूल



### सर्वमंगला से राताखार मार्ग पर है फोकस

यातायात सउनि मनोज राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि कुदुरमाल पुल के बंद होने की वजह से यातायात का दबाव सर्वमंगला पुल पर बढ़ गया है लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव की वजह से इन मार्गों में हादसे से ना हो इसके लिए यातायात पुलिस अलर्ट मोड पर है। सुबह से देर रात तक इस मार्ग में यातायात व्यवस्था सुचारू से बनी रहे इसके लिए पुलिस की अलग-अलग टीम काम कर रही है। साथ ही इस मार्ग में ट्रेलर व ट्रक खड़ा करने वाले चालकों के खिलाफ भी कार्यवाही की जा रही है और उन्हें समझाइश दी जा रही है कि यह सड़क नो पार्किंग जोन है सभी को लगातार वाहन चलाने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### फुटकर व्यापारियों को व्यवस्थित करने की मांग

**कोरबा।** नगर निगम के बालको क्षेत्र में सड़क किनारे अनियंत्रित रूप से लग रही ठेला–गुमटी एवं फुटकर दुकानों के पुनर्स्थापन को लेकर नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने आयुक्त को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। कृपाराम साहू ने अपने पत्र में कहा कि बालको के विभिन्न चौक–चौराहों, मुख्य मार्गों और संवेदनशील स्थलों पर लंबे समय से फुटकर व्यवसायी दुकानें संचालित कर रहे हैं, जिसके कारण यातायात दबाव बढ़ गया है और दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। विशेष रूप से परसाभाठा चौक, थाना क्षेत्र, सिविक सेंटर, बस स्टैंड, गायत्री मंदिर परिसर, बैंक और सेक्टर 5 मार्केट में स्थिति अधिक चिंताजनक है, जहां सड़क किनारे अतिक्रमण से आवागमन बाधित होता है। उन्होंने सुझाव दिया है कि कोरबा, कोसाबाड़ी और बुधवारी बाजार की तर्ज पर बालको में भी फुटकर व्यवसायियों को व्यवस्थित रूप से बसाया जाए।

### सरस्वती सायकल योजना में सेजेस पोडीबहार में सायकल वितरण

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय शासकीय हाईस्कूल पोडीबहार में सोमवार को सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत छात्राओं को पार्षद अशोक चावलानी के मुख्य आतिथ्य में सायकल का वितरण किया गया। सायकल वितरण कार्यक्रम में श्री चावलानी ने बालिका शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक बालिका के शिक्षित होने से से तीन घर संवर जाते हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं को स्कूल ड्राप आउट दर कम करने में यह योजना सहायक है। सायकल वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथी डा.राजेश राठौर भाजपा कोरबा मंडल अध्यक्ष ने छात्र छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर अपना मुकाम हासिल करने के लिये प्रोत्साहित किया। विधायक प्रतिनिधी शिव जायसवाल ने अभिभावकों से छात्रों के समुचित विकास के लिए उचित घरेलू वातावरण को आवश्यक बताया।

### छात्रों ने संस्कृति संरक्षण का संकल्प लिया

**कोरबा।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में जनजाति गौरव वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत, संस्कृति, सामाजिक, आध्यात्मिक योगदान, परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रघुराज सिंह उइके, विशिष्ट अभ्यागत पुष्पराज सिंह ठाकुर, बलराम विश्वकर्मा और दीपक सिंह शामिल हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह, सभी प्राध्यापक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्राओं ने भी इसमें सहभागिता की। अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनजातीय गौरव नायक शहीद वीर नारायण सिंह, बिरसा मुंडा और रानी दुर्गावती के तैल चित्र पर पुष्प और दीप प्रज्वलित कर किया गया।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** कृषि कॉलेज कटघोरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सरस्वती जनपद सदस्य देवी जायसवाल, सरपंच सिंघिया मनोज कुमार टेकाम, उप सरपंच देवनारायण शांडिल्य, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उमेश कुमार डिक्सेना थे। अध्यक्षता अधिष्ठाता कृषि कॉलेज डॉ. एसएस पोर्ते ने किया। शिविर समापन मौके पर सरस्वती देवी जायसवाल ने कहा कि कृषि कॉलेज के छात्रों से सीखने की जरूरत है। उन्हें ग्रामीणों से भी अनुभव लेने की आवश्यकता है, जिससे वे जिसकी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, उसका सदुपयोग समाज में कर सकें। जिला पंचायत प्रतिनिधि डिक्सना ने कहा कि स्वयंसेवक राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उनमें हर कार्य करने की क्षमता और दक्षता होती है।

## राज्य में बिजली की डिमांड हुई दोगुनी और उत्पादन हुआ कम

# राज्य की जनता बिजली खर्च करने में देश में दूसरे पायदान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य की जनता बिजली खर्च करने में देश में दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। प्रदेश को मिलने वाली ज्यादातर बिजली जिले में संचालित राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के संयंत्रों से मिलती है। हालांकि कंपनी का एक पुराना विद्युत संयंत्र बंद कर दिया गया है। बिजली खपत को देखते हुए अंदाजा लगाया जा रहा है कि वर्ष 2030 तक प्रदेश में बिजली की डिमांड में कई गुना बढ़ोत्तरी हो जाएगी। ऐसे में सवाल उठने लगा है कि राज्य में बढ़ती बिजली की डिमांड की आपूर्ति कहां से की जाएगी।

**खास बात**

- आने वाले पांच वर्षों में प्रदेश में बिजली की डिमांड में होगी कई गुना बढ़ोत्तरी



फाइल फोटो

छत्तीसगढ़ में बिजली की डिमांड ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बीते कुछ वर्षों तक प्रदेश में बिजली की डिमांड 3000 से 4000 मेगावॉट के बीच रहती थी, जो गर्मी के सीजन में अब 5000 से 6000 मेगावॉट के बीच पहुंच चुकी है। मांग में इसी तरह बढ़ोतरी होती रही, तो वर्ष 2029-30 में प्रदेश को 8 हजार 805 मेगावॉट बिजली की जरूरत होगी। यह अनुमान केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ने 20वीं इलेक्ट्रिक पावर सर्वे के आधार पर लगाया है। सर्वे के आधार पर इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी ने बताया है कि राज्य की बिजली जरूरतें हर साल लगभग साढ़े 7 फीसदी की दर से बढ़ रही है। फिलहाल केंद्रीय पूल से बिजली उधार लेकर प्रदेश की बिजली जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। जानकारों का मानना है कि जल्द प्रदेश में नए पावर प्लांट खोलकर बिजली उत्पादन में इजाफा नहीं किया गया तो निजी क्षेत्र से बिजली खरीदने की जरूरत पड़ेगी, जिससे उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ेगा। प्रति व्यक्ति बिजली की खपत के मामले में देश भर में छत्तीसगढ़ दूसरे नंबर पर है, जबकि पहले स्थान पर गुजरात है। प्रति व्यक्ति बिजली की खपत सबसे ज्यादा गुजरात में हो रही है। सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी सेंट्रल ग्रिड के माध्यम से हर राज्य में बिजली की प्रति व्यक्ति खपत की गणना करती है। पिछले बार जब यह सर्वे हुआ था, तब नए आंकड़ों के अनुसार प्रति व्यक्ति बिजली खपत के मामले में गुजरात पहले नंबर पर और छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर रहा। जानकार इसका कारण औद्योगिकरण और किसानों के साथ ही बिजली उपयोगकर्ता के सामान्य उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि को माना गया।

### इस तरह बढ़ेगी बिजली डिमांड

| वित्तीय वर्ष | मांग (मेगावॉट में) |
|---|---|
| 2024-25 | 6232 |
| 2025-26 | 6668 |
| 2026-27 | 7165 |
| 2027-28 | 7634 |
| 2028-29 | 8168 |
| 2029-30 | 8740 |

### डिमांड की तुलना में उत्पादन कम

राज्य में बिजली उत्पादन का लगभग 80 फीसदी हिस्सा कोयला आधारित पावर प्लांट से ही होता है। एक दो को छोड़कर राज्य सरकार के लगभग सभी विद्युत संयंत्र प्रदेश की ऊर्जाधानी कोरबा में ही स्थापित हैं। इन विद्युत संयंत्रों की कुल उत्पादन क्षमता 2840 मेगावॉट है। यह कुल खपत का लगभग 50 फीसदी है, लेकिन राज्य में बिजली की खपत ज्यादा है, जिससे बिजली की मांग को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी को दूसरी कंपनियों पर निर्भर रहना पड़ता है। हालांकि वर्तमान में राज्य में 7858 मेगावॉट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है, लेकिन इनमें राज्य बिजली उत्पादन कंपनी के अलावा एनटीपीसी और दूसरी बिजली कंपनियों के संयंत्र शामिल हैं।

### फल दुकान में लगी आग, मामला दर्ज

**कोरबा।** बीती रात सोमवार को पुराना बस स्टैंड स्थित फल दुकान में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया था। घटना सुमित ज्वेलर्स के पास स्थित एक फल की दुकान में हुई। जानकारी के अनुसार अज्ञात युवक ने पेट्रोल जैसी ज्वलनशील वस्तु डालकर आग लगाई है। कुछ ही सेकंड में आग पूरे दुकान में फैल गई, जिससे आसपास के दुकानदारों में डर के साथ अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पाया। हालांकि दुकान को पूरी तरह बचा लिया गया, फिर भी कई सामान जलकर राख हो गए। मौके से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज में एक युवक संदिग्ध गतिविधियों के साथ देखा गया है। पुलिस उसकी पहचान और लोकेशन पता लगाने में जुटी है। जांच अधिकारियों का कहना है कि यह जानबूझकर किया गया। मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# सहकारी समितियों में खरीदी की लिमिट कम किए जाने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी के मामले में सरकार नए नए नियमों को संशोधित कर जारी कर रही है। इससे किसानों के बीच भ्रम की स्थिति निर्मित होने के साथ परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। इस बार सभी समितियों में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष उनकी खरीदी लिमिट कम कर दी है। इससे किसानों के साथ प्रबंधक भी परेशान हो गए हैं। इसका दूसरा पहलू यह है कि किसानों में जल्दी से जल्दी टोकन कटवाने की होड़ मची हुई है।

समितियों में खरीदी की लिमिट कम किए जाने से किसान आक्रोशित हो गए हैं। वहीं समिति प्रबंधक भी लिमिट कम किए जाने को लेकर इस बात से परेशान हैं कि उनके लोन की रिकवरी कैसे होगी। यूनिट कम किए जाने की वजह से समितियों में धान खरीदी की मात्रा घट जाएगी। जैसे ही ये जानकारी किसानों तक पहुंची है उनके बीच जल्द से जल्द टोकन कटवाने की होड़ मच गई है। स्थिति यह हो गई है कि अगर किसी समिति के खरीदी की लिमिट 1300 क्विंटल है और 10 किसानों ने टोकन कटाया और उतने किसानों के टोकन में 1300 क्विंटल का टोकन कट गया तो 10 किसानों का ही धान खरीदा जाएगा और जब ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- टोकन काटने में देरी होने से नहीं बेच पाएंगे किसान धान
- ऑनलाइन टोकन के लिए किसानों में मची होड़



### प्रबंधकों की दौड़ लगी बैंकों तक

खरीदी की लिमिट बढ़ाने के लिए समिति के प्रबंधकों ने बैंक से लेकर उच्च अधिकारियों तक दौड़ लगानी शुरु कर दी है। अगर समिति की खरीदी लिमिट नहीं बढ़ी तो बीते वर्ष की तुलना में अधिकांश समितियां आधा धान खरीद पाएंगी। इससे उन समितियों के अंतर्गत आने वाले ऐसे गांव के किसान जो लोन लिए हैं उनकी रिकवरी कैसे हो पाएगी ये सोचकर किसान घबरा गए हैं और उन्होंने खरीदी की लिमिट बढ़ाने के लिए बैंक प्रबंधन को पत्र भी लिख दिया है।

### 190 कट्टी धान जप्त

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर हरदीबाजार अंतर्गत ग्राम नूनेरा में अवैध धान के परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर अनुभागीय अधिकारी पाली रोहित सिंह एवं नायब तहसीलदार पाली, हल्का पटवारी की टीम द्वारा रात्रि 8.30 बजे छापा कार्रवाई की गई। मौके पर पिकअप वाहन में 70 कट्टी धान परिवहन हेतु लोड पाया गया तथा प्रोपराइटर मनोज किराना स्टोर, नूनेरा के गोदाम में 120 कट्टी धान अवैध रूप से भंडारित पाया गया। कुल 190 कट्टी (लगभग 82 क्विंटल) धान जप्त करते हुए गोदाम को सील कर विधिवत सुपुर्द किया गया।

# दस दिन बाद भी युवक की नहीं हुई पहचान, बढ़ी पुलिस की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दस दिन पूर्व एक 40 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या कर हत्यारों ने उसके चारों हाथ पैर के उंगलियों को काटने के बाद उसके गुप्तांग को भी काट दिया है और उसके लाश को ठिकाना लगा दिया था। दस दिन बीत जाने के बाद भी अब तक मृत युवक की पहचान नहीं हो पायी है जिससे पुलिस की परेशानी बढ़ती ही जा रही है। यदि जब तक पहचान नहीं होगी तब तक पुलिसिया जांच तेज नहीं होगी। जिस तरह से लाश को जलाकर ठिकाना लगाया गया है इससे साफ है कि पहचान छुपाने के लिए साजिशपूर्वक हत्या करने के बाद लाश को ठिकाना लगाया गया है।

उल्लेखनीय है कि करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ग्राम पंचायत औराई में 1 दिसंबर को एक युवक की जली हुई अवस्था में लाश मिली थी जहां हत्यारों ने युवक की बेरहमी से हत्या की थी और उसके दोनों हाथ और पैर के उंगलियों को काटने के अलावा उसके गुप्तांग को काट दिया है और जंगल में उसके लाश को ले जाकर ठिकाना लगा दिया था। वारदात चार से पांच दिन पुरानी थी, अब घटना को लगभग दस दिन बीत चुके हैं लेकिन अब तक मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी है। हालांकि पुलिस ने शव का कफन दफन कर दिया है और उसके पहचान के लिए हर संभव प्रयास में जुटी हुई है लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं होने से पुलिस की परेशानी बढ़ती ही जा रही है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण** – 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण**– 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**– 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### कुत्तों ने किया चीतल का शिकार

**बिलासपुर।** वन मंडल बिलासपुर के सीपत क्षेत्र में कुत्तों के शिकार से एक मादा चीतल की मौत हो गई। मंगलवार की शाम सीपत वन परिक्षेत्र के भरवाडीह गांव के पास जंगल से एक मादा चीतल भटकते हुए सड़क की ओर पहुंच गई थी। सड़क पर आने के बाद चार से पांच कुत्तों ने मिलकर चीतल का शिकार किया, जिसके कारण मादा चीतल गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर तत्काल ग्रामीणों ने पहुंचकर कुत्तों को भगाने के बाद सूचना वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जहां चीतल को उपचार के लिए हास्पिटल भेजा गया। कुत्तों के काटने के कारण गंभीर रूप से घायल हो चुकी मादा चीतल की मौत हो गई।

### पेट्रोल पंप के मैनेजर से लूट की कोशिश

**बिलासपुर।** बीती रात बिक्री की रकम लेकर मालिक के घर छोड़ने जा रहे पेट्रोल पंप के मैनेजर की आंख में मिर्ची



पावडर छिड़कर बाइक सवार तीन युवकों ने रकम लूटने की कोशिश की। भीड़ लगने से बाइक सवार लुटेरे भाग गए। पुलिस बाइक सवारों की तलाश कर रही है। तोरवा थाना प्रभारी कमल नारायण शर्मा ने बताया कि सोमवार की रात 9 बजे ढेका स्थित राहुल पेट्रोल पंप का मैनेजर राकेश साहू दिन भर की बिक्री की रकम लेकर मालिक के घर छोड़ने जा रहा था। कनोई पेपर मील के पास अंधेरा का फायदा उठाकर बाइक सवार तीन युवक आए और उनकी आंख में मिर्ची पावडर छिड़क दिया, जिससे वे बाइक सहित गिर गए। बाइक से दो युवक उतरकर आए उनके साथ झूमाझटकी कर पैसा लूटने की कोशिश करने लगे। किसी तरह मैनजर चिल्लाते हुए भागकर बस्ती की ओर आया। लोगों को देखकर बाइक सवार लुटेरे भाग निकले। रात में मैनेजर रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं आया। सोशल मीडिया में लूट की खबर चलने पर स्वयं तोरवा पुलिस पीड़ित की खोज में निकल गई। पहले तो मैनेजर रिपोर्ट लिखाने में आनाकानी कर रहे थे। पुलिस के कहने पर दोपहर में मैनेजर घटना की लिखित शिकायत की है। पुलिस घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालने में लग गई है।

### फाइनेंस कंपनियों को दस्तावेज जांच और वेरिफिकेशन के सख्त निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** जिले की फाइनेंस कंपनियों और माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं की महत्वपूर्ण मीटिंग पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित की गई। बैठक में डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार पैकरा एवं सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कंपनियों की कार्यप्रणाली, दस्तावेजों की सत्यता और फील्ड में कार्यरत कलेक्शन एजेंटों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। आरबीआई से रजिस्टर्ड सभी फाइनेंस कंपनियों को अपने संपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितताओं को रोका जा सके।कंपनियों द्वारा पूर्व में किए गए कलेक्शन एजेंटों के वेरिफिकेशन के अलावा अब उनकी पुलिस वेरिफिकेशन प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी, जिससे सुरक्षा और पारदर्शिता बनी रहे। सभी कंपनियों को चेतावनी दी गई कि यदि कोई व्यक्ति या समूह फर्जी तरीके से किसी फाइनेंस कंपनी का संचालन कर रहा है, तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराने की बात कही गई है।

### शत प्रतिशत गणना फॉर्म कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों से जहां के भाग संख्या पर 800 या उससे अधिक मतदाता है और उस भाग संख्या के बीएलओ द्वारा 28 नवम्बर 2025 तक शत प्रतिशत गणना फॉर्म वितरण एवं संग्रहण व डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण करने वाले प्रथम 3 बूथ लेवल अधिकारियों को किये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं 5 हजार रुपए नगद पुरस्कार प्रदाय दिया जाएगा।

### कंबल में लिपटा मिला नवजात, निर्दयी मां ने रेलवे स्टेशन के फूट ओवरब्रिज में छोड़ा

**जांजगीर-चांपा।** रेलवे स्टेशन चांपा के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर एक निर्दयी मां ने अपने जिगर को टुकडे को छोड़ दिया। व्यस्त ट्रेनों की आवाजों, यात्रियों की भीड़ और प्लेटफॉर्म की हलचल के बीच एक कंबल में लिपटा छोटा-सा जीवन चुपचाप पड़ा था। जिसे देखकर किसी को भी यकीन नहीं हो रहा था कि कोई मां अपने नवजात को इस तरह दुनिया के हवाले कर सकती है। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। बच्चे को देखते ही उनके चेहरे पर भी हैरानी और भावुकता साफ झलक रही थी। एक पुलिसकर्मी ने नवजात को जिला अस्पताल ले जाया गया।

नहीं की जा रही पार्किंग की व्यवस्था, स्मार्ट रोड पर खड़ी होंगी गाड़ियां

# स्मार्ट रोड पर अवैध तरीके से बन रहीं दुकानें, काम्पलेक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू नगर से सिंधी कालोनी में बने शहर के पहले स्मार्ट रोड पर अवैध तरीके से लगातार दुकानें और व्यवसायिक काम्पलेक्स बनते जा रहे हैं। यहां तक इन काम्पलेक्स में पार्किंग की व्यवस्था भी नहीं की जा रही है, जिससे आगे चलकर सारी गाड़ियां स्मार्ट रोड पर ही खड़ी होंगी और यह सड़क भी गली मोहल्लों की सड़क की तरह हो जाएगी।

शहर के अंदर ट्रैफिक का दबाव कम करने वैकल्पिक मार्ग के रूप में स्मार्ट सिटी में सिंधी कालोनी स्थित मिट्टी तेल गली की सड़क को शामिल किया गया था। यह शहर की पहली स्मार्ट सिटी द्वारा बनाई गई सड़क है। यह सड़क वन विभाग डीएफओ कार्यालय के पास से लेकर सीधे बलराम टाकिज रोड को पार करते हुए नेहरू नगर और गणेश चौक वाली सड़क में जाकर मिलती है। आवागमन के लिए बहुत से लोग इस स्मार्ट सड़क का उपयोग करते हैं। जिस समय स्मार्ट सिटी द्वारा इस स्मार्ट सड़क का निर्माण कराया गया था, उस समय सड़क के दोनों ओर घर बने हुए थे, क्योंकि यह पूरा आवासीय एरिया था। शुरुआत में नगर निगम ने भी इस स्मार्ट सड़क पर कामर्शियल उपयोग प्रतिबंधित किया था और दुकान एवं काम्पलेक्स बनाने पर निगम द्वारा नोटिस देकर कार्रवाई भी की जाती थी। लेकिन अब इस सड़क के दोनों ओर जितने घर थे वे सब अब दुकान या काम्पलेक्स में तब्दील होते जा रहे हैं।

स्मार्ट सड़क के दोनों ओर नया मार्केट बन चुका है। वर्तमान में स्मार्ट सड़क के आगे बलराम टाकिज रोड को क्रास करके नेहरू नगर की ओर जाने वाली सड़क के दोनों ओर दोमंजिला, तिमंजिला व्यवसायिक काम्पलेक्स का अवैध तरीके से निर्माण होते जा रहा है। काम्पलेक्स निर्माण में पार्किंग की भी जगह नहीं छोड़ी जा रही है, जिससे काम्पलेक्स निर्माण के बाद वहां जितनी भी गाड़ियां आएंगी वह सब स्मार्ट सड़क में खड़ी की जाएगी, जिससे आगे चलकर सड़क पर ट्रैफिक की समसया पैदा होगी।



नेहरू नगर से गणेश चौक जाने वाली सड़क पर बनाई जा रही दुकान।



### नक्शा पास कराने के लिए पार्किंग जरूरी

किसी भी व्यवसायिक काम्पलेक्स, भवन का निर्माण कराते समय उसमें पार्किंग की व्यवस्था करना अनिवार्य है। छोटी सी छोटी दुकान में भी पार्किंग का ध्यान रखना होता है। व्यवसायिक निर्माण में पार्किंग का प्रावधान किए जाने पर ही नक्शा पास किया जाता है। लेकिन बिना पार्किंग के नक्शा कैसे पास हो जाता है या फिर नक्शा पास होने के बाद पार्किंग की जगह नहीं छोड़ी जाती है। स्मार्ट सिटी रोड में जिनके द्वारा व्यवसायिक निर्माण कराया जा रहा है उनका पहले आवासीय मकान का प्रवेश द्वार पहले पीछे तरह के रोड में खुलता था जो अब बदल गया है।

### सभी को दिया जा रहा नोटिस

स्मार्ट सिटी रोड में जितने भी दुकान या व्यवसायिक काम्पलेक्स निर्माण हो रहा है उन सभी को नगर निगम की ओर से नोटिस भेजा जा रहा है। ऐसे सभी लोगों को नगर निगम बुलवाकर उनके दस्तावेज देखे जाएंगे और सुनवाई की जाएगी।

**-अनुपम तिवारी**
भवन अधिकारी, ननि

# रात 3 बजे चोरी कर भाग रहे युवक को गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- जैकेट के अंदर सोना चांदी के जेवर व नकद रकम
- पुलिस ने मकान मालिक को दी चोरी की जानकारी

रात 3 बजे रात्रि गश्त पर निकले पुलिस को देखकर एक युवक दौड़कर भागने लगा। पुलिस ने 1 किलो मीटर दूर दौड़ाकर युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर जैकेट के अंदर सोना चांदी के जेवर व नकद रकम मिली। युवक से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने मकान मालिक को उनके घर में चोरी होने की जानकारी दी। पुलिस ने जेवर जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

सोमवार की रात सिविल लाइन टीआई एसआर साहू, आरक्षक आशीष साहू, सोनू पाल, आशीष वर्मा रात्रि गश्त पर निकले थे। रात 3 बजे वे रिंग रोड टू शांतिनगर में चाकूबाज व वारंटियों की पतासाजी कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक पैदल चलते हुए आया और अचानक पुलिस को देखकर ठेठा डबरी की ओर गलियों से भागने लगा। पुलिस उसके पीछे भागने लगी। 1 किलो मीटर दूर भागने के बाद रास्ते में दीवार आने पर युवक फंस गया। दीवार कूदकर भागने के पहले पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसकी जैकेट के अंदर सवा लाख रुपए के सोना चांदी के जेवर नकद रकम मिले। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संजय ध्रुव सकरी अटल आवास निवासी होना बताया और नेहरू नगर बिजली आफिस के पीछे देवेन्द्रनगर के एक सूने मकान में चोरी करना बताया। पुलिस उसे लेकर देवेनद्र नगर गई तो आसपास के लोगों ने उक्त मकान चंद्रभान सिंह ठाकुर का होने की जानकारी देते हुए बताया कि वे परिवार के साथ परिजात कालोनी में रह रहे हैं। रात में पुलिस चंद्रभान सिंह के घर में जाकर उनके पुराने घर में चोरी होने व चोर को पकड़ लेने की जानकारी दी। पुलिस ने चंद्रभान सिंह ठाकुर की रिपोर्ट पर जेवर व नकद रकम जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



जब्त सामान के साथ गिरफ्तार आरोपी।

### रिलायंस मार्ट से सामान चोरी, नौकर गिरफ्तार

टीआई एसआर साहू ने बताया, 36 सिटी माल स्थित रिलायंस मार्ट में




पिछले दो माह से लगातार कास्मेटिक सामान की चोरी हो रही थी। स्टाक मिलान करने पर सामान कम मिलने पर सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला गया, जिससे वहां काम करने वाला प्रकाश कुमार मनहर सामान छिपाकर जाते नजर आ रहा था। शिकायत पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सामान चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके घर से डेढ़ लाख का सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### नर्मदा नगर के सूने मकान में चोरी

नर्मदा नगर निवासी मुनीष कुमार त्यागी वर्तमान में मकान में ताला लगाकर परिवार के साथ रायपुर में रह रहे हैं। कभी कभी यहां आना जाना करते हैं।

मंगलवार को नौकरानी काम करने उनके घर आई तो चोरी की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही श्री त्यागी शहर आकर घर में देखे तो 50 हजार रुपए नकद, सीसीटीवी कैमरे का डीवीयार चोरी हो गई थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।





# वकील से मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- परिचित एक युवती को कार में लेकर शांतिनगर कोनी जा रहे थे

युवती को छोड़ने जा रहे वकील का रास्ता रोककर युवकों ने पत्थर से मारपीट कर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नर्मदा नगर निवासी वकील शिवांश पारासर पिता हिमांशु पारासर 8 दिसंबर को रात 8.30 बजे अपने परिचित एक युवती को कार में लेकर शांतिनगर कोनी जा रहे थे। नेहरू नगर के पास सामने से कार से इशारा कर उन्हें कान्हा उपाध्याय, निमित दुबे रूकवाए और उन्हें युवती को लेकर कैसे घुमा रहा है। उन्होंने कहा युवती उनका दोस्त है और घूम रहे हैं। इस पर दोनों युवकों ने गाली गलौज की। श्री पारासर कार से बाहर निकले तो राजवीर बाबरा आया और अपने बाइक को उनके ऊपर चढ़ाने की कोशिश करने लगा। उन्होंने बाइक पकड़कर गिरा दिया। राजवीर अपने पास रखे चाकू से उनके सिर के पीछे, कमर के पास, बाए आंख के पास हमला कर दिया। उसके दोस्तों ने पत्थर से सिर को मारकर लहुलुहान कर दिया है।

किसी तरह वह भागकर जान बचाई और दोस्तों को बुलाया। उसके बाद वह रिपोर्ट लिखाने थाने आए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर राजवीर बाबरा, कान्हा उपाध्याय, निमित दुबे व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 118, 1, 296, 3, 5, 351 , 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावरों चाकूबाजों को नहीं पकड़ पाई है।

# 4 सी एयरपोर्ट, सीधी उड़ान व जमीन की वापसी के लिए समिति दिल्ली रवाना

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का दल सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट, उड़ानों के लिए रूट और जमीन की मांग को लेकर दिल्ली रवाना हो गया है। दल में आंध्र और निषाद समाज के साथ ही बिलासा कला मंच के सदस्य भी शामिल है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा एयरपोर्ट की विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन किया जा रहा है, सोमवार को हमसफर एक्सप्रेस और दुर्ग जम्मू सुपर फास्ट एक्सप्रेस से प्रतिनिधि मंडल सदस्य रवाना हो चुके है। लगातार 6 साल से चल रहे जन आंदोलन से एयरपोर्ट शुरू किया गया है, लेकिन पर्याप्त सुविधा नहीं होने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ के 14 जिलों और मध्य प्रदेश के तीन जिलों के लिए बिलासा एयरपोर्ट निकटतम है। समिति की मांग है कि सेना के कब्जे की जमीन शीघ्र ही वापस की जाए, साथ ही 4सी एयरपोर्ट के लिए केंद्र सरकार 300 करोड़ रुपए का अनुदान दें। वहीं हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर जैसे महानगरों तक सीधी शुरू की जाए साथ ही इसे उड़ान योजना में शामिल करें। गौरतलब है कि उड़ान योजना से हवाई मार्ग अधिसूचित होने पर विभिन्न एयरलाइंस टेंडर में शामिल हो सकते है। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट का रनवे 1500 मीटर लंबा है, ऐसे में 80 सीटर के ही फ्लाइट संचालित किए जा सकते हैं। बोइंग जैसे बड़े विमान नहीं उतर सकते। समिति की मांग है कि रनवे 2200 मी तक बढ़ाया जाए जिससे कि बिलासपुर से उड़ान संचालित करने वाली कंपनियों में इजाफा हो सके। इस दौरान रामशरण यादव, अशोक भंडारी, बद्री यादव,शेख नजीरुद्दीन, नरेंद्र बॉलर, प्रकाश बहरानी, राजेंद्र शुक्ला, देवी सिंह बद्री प्रसाद केवट, परसराम केवट, प्रशांत सिंह, शिरीष कश्यप, आशीष खत्री,अकील अली और और सुदीप श्रीवास्तव शामिल है ।




नारेबाजी करते हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के सदस्य।

# तालाब के कार्य में भारी अनियमितता सीएमओ व सब इंजीनियर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर पंचायत नवागढ़ में तालाब गहरीकरण और पीचिंग कार्य में सीएमओ और सब इंजीनियर के भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। काम में अनियमितता बरतना दोनों अधिकारियों को महंगा पड़ गया। नगरीय प्रशासन विभाग के अवर सचिव ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है।

गौरतलब है कि नगरीय निकायों में विकास कार्य के लिए सरकार पानी की तरह पैसा बहा रही है। सरोवरों की दशा सुधारने के लिए भी लगातार कार्य किए जा रहे है। इसके पीछें मंशा यह है कि जल स्त्रोत बना रहे और तालाबों का भी संधारण होता रहे। सरकार तो अपना खजाना लूटा रही है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते कई काम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते है। ऐसा ही एक मामला नगर पंचायत नवागढ़ में सामने आया है। नवागढ़ के लंकेटर तालाब गहरीकरण और पीचिंग कार्य के लिए सरकार की ओर से मंजूरी मिली थी। इस काम के दौरान भारी अनियमितता बरती गई। मामले की शिकायत भी कई स्तर पर की गई। शिकायत की जांच में नगर पंचायत नवागढ़ के सीएमओ विष्णु यादव और उप अभियंता श्रीमती ममता पैकरा द्वारा की गई अनियमितता उजागर हुई। लंकेटर तालाब गहरीकरण व पीचिंग कार्य में अनियमितता एवं अध्यक्ष व पार्षद नीधि से सामग्री आपूर्ति में भी अनियमितता पाई गई। जांच में दोषी पाए जाने के बाद प्रतिवेदन उच्च स्तर पर प्रेषित किया गया। जांच प्रतिवेदन और तथ्यों के आधार पर नगरीय प्रशासन विभाग के अवर सचिव अजय तिर्की ने नगर पंचायत नवागढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विष्णु यादव और उप अभियंता श्रीमती ममता पैकरा के खिलाफ कार्रवाई की। दोनों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत गंभीर कदाचार का दोषी पाया गया। अवर सचिव ने दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया। सीएमओ के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य नगर पालिका सेवा भर्ती तथा सेवा शर्तें नियम 217 के नियम 33 एवं उप अभियंता के खिलाफ छत्तीसगढ़ नगर पालिका कर्मचारी नियम 1968 के नियम 53 के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# केरा व शिवरीनारायण में दी दबिश अफसरों ने पकडे अवैध धान

**जांजगीर-चांपा।** अफसरों की टीम ने दबिश देकर केरा व शिवरीनारायण क्षेत्र में कार्रवाई की, जहां केरा से 75 क्ट्टी व शिवरीनारायण में 42 कट्टी धान को जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धा को जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज की गई है। ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में धान परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार 9 दिसंबर को तहसील शिवरीनारायण अंतर्गत ग्राम केरा एवं शिवरीनारायण नगर में संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान ग्राम केरा स्थित मनीष ट्रेडर्स से 75 कट्टी 30 क्विंट धान तथा शिवरीनारायण स्थित विनय जनरल स्टोर से 42 कट्टी 16 क्विंटल धान अवैध रूप से संग्रहित पाए गए। टीम ने कुल 117 कट्टी (46 क्विंटल) धान जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान की खरीदी–बिक्री, परिवहन और भंडारण पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा नियम विरुद्ध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

विद्यार्थियों को लाने ले जाने के दौरान ना बरते कोताही

# प्राइवेट स्कूल वाहनों की जांच में मिली खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

परिवहन विभाग की टीम द्वारा जैजैपुर क्षेत्र के निजी स्कूलों के वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों में खामियां पाई गई। जिस पर जुर्माना वसूल किया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी जांजगीर-चांपा व सक्ती गौरव साहू एवं सहायक उपनिरीक्षक परिवहन उड़नदस्ता सुनील उपाध्याय द्वारा सक्ती जिले के प्राइवेट स्कूलों का सघन जांच किया गया। सक्ती जिले के जैजैपुर विकासखण्ड के तीन प्राईवेट स्कूल संस्कार सेंट्रल एण्ड संस्कार भारती स्कूल जैजैपुर, उर्मिला पब्लिक स्कूल जैजैपुर एवं जीएससी पब्लिक स्कूल जैजैपुर का जांच किया गया। जांच के दौरान उर्मिला पब्लिक स्कूल के एक वाहन में कमी पायी गई ,जिसके लिए 2 हजार रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया तथा सभी स्कूल संचालकों को बच्चों के लाने ले जाने पर किसी भी प्रकार की लापरवाही नही करने के सख्त निर्देश दिये गये। परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के सभी प्राईवेट स्कूलों में भी परिवहन विभाग द्वारा लगातार जांच की जाएगी। इसके पूर्व भी परिवहन विभाग की टीम द्वारा सक्ती जिले के विभिन्न प्राइवेट स्कूलों के वाहनों की जांच पड़ताल की गई थी। जिसमें फिटनेस सहित दस्तावेजों में कमी पाई पाए जाने की स्थिति में संबंधित संचालकों से जुर्माना वसूल किया गया था।



# रेत के अवैध परिवहन एवं उत्खनन पर कार्रवाई, 5 वाहनों की बनाई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बम्हनीडीह क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का कार्य लगातार जारी है। विभागीय कार्रवाई के बावजूद रेत माफिया सक्रिय है। ऐसे में विभाग ने एक बार फिर क्षेत्र में दबिश देकर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करने वाले 5 वाहनों को जब्त करते हुए कार्रवाई की है।

गौरतलब है कि बम्हनीडीह क्षेत्र में रेत के अवैध कारोबार को लेकर हरिभूमि ने 8 दिसंबर के अंक में 'रेत माफिया चीर रहे हसदेव नदी का सीना, नहीं थम रहा अवैध उत्खनन' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशन के बाद खनिज विभाग की टीम ने क्षेत्र में दबिश दी। इस दौरान रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिला खनि अधिकारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। बम्हनीडीह, पुछेली, बिर्रा, कनस्दा, हथनेवरा और पीथमपुर क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया गया। खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा 1 ट्रैक्टर ग्राम पुछेली,1 हाईवा पीथमपुर,1 ट्रैक्टर कनस्दा ,2 हाईवा बम्हनीडीह में जप्त किया गया। सभी वाहनों को संबंधित थाना एवं पुलिस रक्षित केन्द्रों में सुरक्षा हेतु रखा गया है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि बम्हनीडीह एवं पुछेली क्षेत्र में अब तक 66 प्रकरण अवैध परिवहन में 11 लाख 87 हजार 480 रुपए व 6 प्रकरण अवैध उत्खनन में 3 लाख 230 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। इसी तरह 4 प्रकरण अवैध भंडारण में 9 लाख 77 हजार 840 रुपए जुर्माना वसूला गया है। कुल 76 मामलों में 24 लाख 65 हजार 550 रुपए की शास्ति राशि वसूलकर खनिज मद में जमा की गई है। खनिज अधिकारी का कहना है कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण करने वालों के खिलाफ खनन एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23(ख) के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।



9 korba-pg3_Layout 1 12/9/2025 11:13 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### एम्बुलेंस में प्रसव, मृत बच्चे ने लिया जन्म इधर रास्ते में प्रसूता की भी मौत

**अम्बिकापुर/सूरजपुर।** एंबुलेंस में प्रसव के दौरान नवजात व प्रसूता की मौत हो गई। महिला को सूरजपुर जिला अस्पताल से रिफर किया गया था लेकिन रास्ते में महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया जबकि मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने प्रसूता को भी मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतिका के परिजन ने चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही और अस्पताल से नदारद रहने के आरोप लगाए है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। अस्पताल प्रबंधन महिला की स्थिति पहले से गंभीर होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के ग्राम लाछा निवासी 37 वर्षीया कविता पति आदित्य सिंह को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन ने सूरजपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। पति का आरोप है कि जिला चिकित्सालय में रात के समय चिकित्सक मौजूद नहीं थे और कुछ नर्सिंग स्टाफ के द्वारा उसे बोतल चढाने के बाद भोर के 4 बजे रिफर कर दिया गया। मरीज को रिफर करने के बाद परिजन प्रसूता को लेकर एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल आ रहे थे। इस दौरान रास्ते में प्रसव पीड़ा बढने के साथ ही महिला का प्रसव हो गया। महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया जो मृत था। इधर परिजन प्रसूता को लेकर सुबह 6.50 बजे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद प्रसूता को भी मृत घोषित कर दिया। पहले गर्भ में पल रहे नवजात और फिर प्रसूता की मौत के बाद परिजन सदमे में है। मृतिका के पति का आरोप है कि रात को अस्पताल में चिकित्सक नहीं थे। रात के समय यदि महिला को उपचार दिया गया होता तो शायद जच्चा बच्चा को बचाया जा सकता था। इधर इस मामले में अस्पताल पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच की जा रही है।

### मेडिकल कॉलेज में पहली बार की गई रीनल बायप्सी

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सकों ने पहली बार रीनल बायप्सी करने में सफलता हासिल की है। अस्पताल में पदस्थ डीएम नेफ्रोलॉजी डॉ. ऋषभ गुप्ता ने युवती का सफल ऑपरेशन कर रीनल बायप्सी के लिए सैम्पल लिया। अब इस सैम्पल को जांच के लिए दिल्ली भेजा जाएगा और उसकी के आधार पर महिला के उपचार की दिशा तय हो सकेगी। बताया जा रहा है कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर व डीएम नेफ्रोलॉजी डॉ. ऋषभ गुप्ता ने 22 वर्षीया महिला का रीनल बायप्सी सफलतापूर्वक किया है। संभाग में इस तरह का ऑपरेशन पहली बार किया गया है। महिला अस्पताल में पेशाब में प्रोटीन जाने की समस्या के साथ आई थी। पेशाब में 150 मिलीग्राम तक प्रोटीन जाना एक सामान्य बात है लेकिन महिला के यूरीन में 350 ग्राम तक प्रोटीन जा रहा था। डीएम नेफ्रोलॉजी डॉ. ऋषभ गुप्ता ने बताया कि समस्या का पता लगाने के लिए पीसीआर टेस्ट कराया गया जिसमें एसएलई बीमारी का पता चला।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नो पार्किंग जोन...

नो पार्किंग जोन में खड़े वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई भी करती है। यातायात पुलिस से मिले आंकड़ों को मुताबिक पिछले 1 जनवरी से अब तक यातायात पुलिस नै नो पार्किंग जोन में खड़े करने वाले कुल 1937 वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही कर उनसे 5 लाख 81 हजार 5 सौ रुपए समन शुल्क जुर्माने के रुप में वसूली गई है।

### सहकारी समितियों...

तक 1300 क्विंटल खरीदी पूरी नहीं हो जाएगी शेष किसानों का टोकन नहीं कटेगा। इस तरह की व्यवस्था किए जाने से टोकन कटना ही बंद हो गए हैं। किसानों को लिमिट तक खरीदी होने का इंतजार करना पड़ रहा है। कई समितियां ऐसी हैं जिनमें 22 तारीख तक टोकन नहीं कटेंगे क्योंकि उन समितियों की खरीदी लिमिट के अनुसार टोकन कट गया है। इस प्रकार की व्यवस्था से समिति प्रबंधक परेशान हो गए हैं।

# जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाओं का होगा विस्तार

## डिस्पेंसरी सहित पशु चिकित्सालय खोलने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में ऐसे सीमावर्ती दूरस्थ क्षेत्र जहां मवेशी पालकों की एक बड़ी आबादी होने के बाद भी चिकित्सा सेवा उपलब्ध नहीं हो पाती थी अब ऐसे क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करने की विभाग ने तैयारियां शुरु करते हुए ऐसे दूरस्थ क्षेत्र में विभाग की डिस्पेंशरी और चिकित्सालय खोले जाने का प्रस्ताव तैयार किया है।

जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले मोरगा और कोरबी जैसे सीमावर्ती क्षेत्र में मवेशी पालकों की संख्या जिस तादात में है उसे देखते हुए विभाग के द्वारा पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करने का निर्णय लिया है। पोड़ी ब्लॉक के ये दोनों ऐसे क्षेत्र हैं जिनकी ब्लॉक मुख्यालय से दूरी ही 50 से 60 किलोमीटर के बीच होती है। ऐसे क्षेत्रों से बीमार मवेशियों के उपचार को लेकर परेशान किसान चिकित्सा सुविधा का इंतजार करते रहते हैं। इन किसानों के सामने पशु चिकित्सक का इंतजार करने के अलावा कोई चारा नहीं था और वहीं पशु चिकित्सक भी लंबी दूरी का सफर तय कर प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचते हैं। जिले का कोरबी तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव चिरमिरी सीमा क्षेत्र में बसे हुए हैं। इसी तरह मोरगा जिले का अंतिम छोर होने के कारण बड़ा पशु औषधालय नहीं हैं जो भी केंद्र बने हुए हैं वह भी सहायकों के भरोसे चल रहे हैं।

**खास बात**

- मवेशी पालकों की संख्या के आधार पर चल रही तैयारी




### दवाईयों और संसाधन का संकट

जिले के पशु चिकित्सा विभाग के पास कुछ प्रमुख दवाईयों के साथ संसाधन की भी समस्या बनी हुई है। पर्याप्त संख्या में चिकित्सक और स्टाफ होने के बावजूद भी बड़ी दवाईयों की कमी एवं मवेशियों के शल्य क्रिया के लिए आवश्यक संसाधन का भी पशु चिकित्सा केंद्र में अभाव नजर आता है। जबकि विभाग के स्टोर में शासन के द्वारा लगातार दवाईयों की खरीदी कर आपूर्ति की जा रही है उसके बावजूद डिस्पेंशरियों में दवाईयों का संकट सामने आते रहता है। मवेशी पालकों को आवश्यक व बड़ी दवाईयों की खरीदी मार्केट से करना पड़ रहा है। उपचार के लिए जाने वाले चिकित्सकों के पास भी दवाईयां नहीं रहती।

## समय-सीमा बैठक में विभागीय कामकाज की विस्तृत समीक्षा

# डीएमएफ से स्वीकृत होंगे नए बोर, नगर पंचायत पाली में भी 4 बोरवेल को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कामकाज की व्यापक समीक्षा की। बैठक में उन्होंने टीएल के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के तथा विद्यालयों में पेयजल की समस्या का समाधान करने हेतु निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि ऐसे सभी विद्यालयों की सूची तत्काल तैयार कर प्रस्तुत करें, जहाँ बोरवेल खराब हैं या उपलब्ध नहीं हैं और जहाँ पेयजल का संकट बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सूची प्राप्त होते ही डीएमएफ मद से इन विद्यालयों में पेयजल हेतु बोर स्वीकृत किए जाएंगे तथा फरवरी-मार्च माह में बोर खोदने का कार्य सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने पाली नगर पंचायत से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर डीएमएफ से चार नए बोरवेल स्वीकृत करने की मंजूरी भी प्रदान की। उन्होंने पिछले वर्ष पाली तथा पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में स्वीकृत हैंडपम्पों के विरुद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि पूर्व में किए गए कार्यों को किसी भी स्थिति में वर्तमान नए कार्यों में शामिल न किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशन में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने डिजिटाइजेशन कार्य की स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन मामलों में गणना पत्रक असंग्रहित हैं, उनमें संबंधित व्यक्तियों को नोटिस देकर दावा-आपत्ति मंगाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद पंचायत कार्यालयों में सभी ग्राम पंचायतों की मतदाता नामावली सुरक्षित स्थान पर सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाए। कलेक्टर ने डिजिटाइजेशन के लंबित कार्यों में तेजी लाने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सही मतदाता का नाम सूची से न छूटे तथा अनाधिकृत मतदाता का नाम किसी भी स्थिति में सूची में शामिल न हो। उन्होंने बीएलओ और बीएलए की बैठक शीघ्र आयोजित करने के निर्देश भी दिए।



समीक्षा बैठक में उपस्थित कलेक्टर व अधिकारी।

### संवेदनशील धान उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के निर्देश

धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने एसडीएम तथा राजस्व टीम को संवेदनशील धान उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सप्ताह में जारी होने वाले टोकनों के आधार पर किसानों का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए और संदिग्ध किसानों की जांच कर अवैध खरीदी को हर हाल में रोका जाए। उन्होंने डीओ आधारित खरीदी के मामलों में धान सत्यापन को सुनिश्चित करने और रकबा समर्पण वाले मामलों में नियमानुसार रकबा समर्पण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह स्पष्ट किया कि धान खरीदी केवल वास्तविक किसानों से की जाए और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विभागीय अधिकारी विशेष ध्यान रखें। उन्होंने वीडियो कॉल वेरीफिकेशन ऐप में किसानों की फोटो अनिवार्य रूप से अपलोड करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जांच नाकों पर सतत निगरानी रखने तथा जब्त अवैध धान की सुपुर्दगी के बाद उसकी पुनः रिसाइक्लिंग कर किसी भी स्थिति में उपार्जन केंद्रों में विक्रय न होने पाए, इसके लिए कड़ी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

### 22 से शुरु होगी रिमेडियल कक्षाएं

बैठक में हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के कमजोर विद्यार्थियों के लिए 22 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली रिमेडियल कक्षाओं की तैयारी की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि कक्षाएँ प्रारंभ करने से पूर्व चिन्हांकित स्थानों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर दी जाएँ। उन्होंने कमजोर विद्यार्थियों के अध्यापन के लिए विषयवार शिक्षकों की सूची तैयार करने और बोर्ड परीक्षा तक किसी भी प्रकार का अनावश्यक अवकाश प्रदान न करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डीईओ को विद्यार्थियों की रुचि तथा समसामयिक ज्ञान के अनुरूप प्राचार्य के माध्यम से पुस्तकें खरीदने के निर्देश भी दिए। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर अपार आईडी से वंचित विद्यार्थियों की सूची एसडीएम को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने अगले वर्ष विद्यालय में प्रवेश लेने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों की सूची डीपीओ से प्राप्त कर उनके जाति प्रमाणपत्र बनवाने की प्रक्रिया अग्रिम रूप से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रवेश के साथ ही आंगनबाड़ी से उच्च कक्षाओं में पहुँचे विद्यार्थियों को जाति प्रमाणपत्र उपलब्ध करा दिया जाए। जहाँ आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, वहाँ ग्राम सभा के प्रस्ताव के माध्यम से अनुमोदन की कार्यवाही पूर्ण की जाए।

# श्रीराम ने सत्य व माता-पिता की आज्ञा का पालन कर समाज को दिखाई राह



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

महेशपुर वार्ड क्रमांक 7 स्थित गोस्वामी मोहल्ला इन दिनों श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगा हुआ है। क्षेत्र के सबसे प्राचीन धार्मिक आयोजनों में से एक अखण्ड नवधा रामायण का यह 69वां वर्ष है, जिसके चलते वातावरण में निरंतर रामनाम की गूंज और भजन-कीर्तन की ध्वनि सुनाई दे रही है। परंपरा और आस्था से जुड़े इस आयोजन में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, और इस वर्ष भी भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

मंगलवार की शाम आयोजन स्थल पर विशेष रूप से कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री संजय शर्मा, पार्षद, कार्यकर्ता तथा नगर एवं आसपास से आए अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। गोस्वामी मोहल्ला समिति के सदस्यों ने सभी आगंतुकों का आत्मीय स्वागत किया। आयोजन के दौरान कथा वाचक पंडित मुरारी लाल त्रिपाठी ने रामायण की दिव्य कथा का भावपूर्ण वाचन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनकी वाणी से रामकथा सुनकर उपस्थित जनसमूह भक्ति रस में सराबोर हो उठा। इसी दौरान थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, जिन्होंने जीवन भर अनुशासन, सत्य और माता-पिता की आज्ञा का पालन कर समाज को आदर्श मार्ग दिखाया। उन्होंने गोस्वामी मोहल्ला व महेशपुर ग्रामवासियों द्वारा इतने वर्षों से निरंतर और सफलतापूर्वक इस पावन आयोजन को आगे बढ़ाने की सराहना की।थाना प्रभारी तिवारी ने भजन प्रस्तुत कर सभी को श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजन गायन के दौरान उपस्थित भक्तों ने भाव-विभोर होकर जयकारे लगाए।

# रायपुर रीजन ने जीता वीपीसीएल का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत पावर क्रिकेट लीग (वीपीसीएल) के फाइनल दिवस पर रविवार को हुए मुकाबले दर्शकों के लिए रोमांच से भरपूर साबित हुए। दिन के पहले चरण में तृतीय स्थान के लिए डीएसपीएम टीपीएस कोरबा पूर्व और एचटीपीएस कोरबा पश्चिम आमने-सामने थे। समय की कमी के कारण यह मैच 18 ओवरों का निर्धारित किया गया। टॉस जीतकर कोरबा पश्चिम ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया।

डीएसपीएम कोरबा पूर्व की ओर से सलामी बल्लेबाज संदीप बघेल और संतोष सिंह ने शानदार शुरुआत की, लेकिन बाद के ओवरों में कोरबा पश्चिम के गेंदबाज़ों ने रन गति पर नियंत्रण बना लिया। टीम के कप्तान सरोज राठौर और नाइजील रोड्रिग्स ने समझदारी से साझेदारी निभाई, जिससे 17.1 ओवर में टीम 94/10 रन तक पहुंची। कोरबा पश्चिम के गेंदबाज़ सुबेश बघेल ने घातक स्पेल डालते हुए 5 महत्वपूर्ण विकेट झटके। रनों का पीछा करते हुए कोरबा पश्चिम की शुरुआत लड़खड़ाती रही। नाइजील रोड्रिग्स और गजेन्द्र पवार की किफायती गेंदबाज़ी ने विपक्ष को कड़े दबाव में रखा, लेकिन बाद में सतीश ध्रुव और सुबेश बघेल की साझेदारी ने मैच को रोमांचक मोड़ पर ला खड़ा किया। अंततः 15.5 ओवर में कोरबा पश्चिम ने 95/8 रन बनाकर 2 विकेट से जीत दर्ज की। शानदार प्रदर्शन के लिए सुबेश बघेल मैन ऑफ द मैच चुने गए। दिन के दूसरे चरण में टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला एबीवीटीपीएस मड़वा और रायपुर रीजन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर रायपुर रीजन ने पहले बल्लेबाज़ी का निर्णय लिया और दमदार शुरुआत के साथ मैच में पकड़ बनाई। लवनीत सिन्हा ने 58(33) और गौरव डोंगरे ने 32(26) रन की तेज़ तर्रार पारी खेली। अंतिम ओवरों में मड़वा के गेंदबाज़ दिनेश मेश्राम और संजय देशमुख ने वापसी कराते हुए 3-3 विकेट झटके। निर्धारित 20 ओवर में रायपुर रीजन ने 153/9 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मड़वा की टीम रायपुर रीजन की कसी हुई गेंदबाज़ी के सामने टिक नहीं सकी। शुरुआती झटकों के बाद पूरी टीम 18 ओवर में 92 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार रायपुर क्षेत्र ने फाइनल मैच 61 रनों से जीतकर वीपीसीएल 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया।



विजेता टीम।

### राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग में जिले खिलाड़ियों ने जीते पदक

दंतेवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर प्रतियोगिता में 280 खिलाड़ी, 40 ऑफिसियल एवं 19 जिले से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिला थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव एवं ड्रेगन मार्शल आर्ट हेड कोच एवं डायरेक्टर अजीत शर्मा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में कोरबा जिले से कुल 28 बॉक्सर्स, 6. ऑफिसियल, एक कोच एवं एक टीम मैनेजर शामिल हुए। महिला वर्ग जूनियर्स में ग्रेसी पन्ना एवं सीनियर वर्ग में राजेश्वरी लहरे ने रिंग ऑफ क्वीन का खिताब अपने नाम किया। राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कोरबा जिला को 18 स्वर्ण, 10 रजत एवं एक कांस्य पदक प्राप्त हुआ। इसमें प्रथम स्थान दंतेवाडा, दूसरा स्थान कोरबा एवं तीसरे स्थान पर दुर्ग रही। स्वर्ण पदक खुशाल सिंह राठौर, आयुष उरांव, वंश राठौर, हाशिम अली, अर्पित दुबे, आर्यन सिंह, हर्ष यादव, अविनाश प्रमाणिक, वैभव कृष्णा, फ्रांसिस कुजूर, दीपक रोहिदास, आलोक शर्मा, हर्षिता केवट, पल मायरा पासी, ग्रेसी पन्ना, प्राची राठौर, राजेश्वरी लहरे, आराध्या श्रीवास, रजत पदक अभिनव निर्मलकर, दीपेश अवस्थी, कुणाल पूरी गोस्वामी, अपर्णा चौहान, अर्पिता कौशिक, श्रेयानेगी, परिधि नेमी, जफीर हमजा, अनुज अग्रवाल, गौरव चौहान तथा कांस्य पदक अनुज अग्रवाल ने हासिल किया।

# नेशनल बॉटनिकल गार्डन में 25 लाख स्पेसिमेन हैं रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय इं वी स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा में वनस्पति शास्त्र विभाग का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण में एम एस सी वनस्पति शास्त्र प्रथम एवम तृतीय सेमेस्टर के 20 छात्र-छात्रा सम्मिलित हुए।

छात्रों ने 1 दिसम्बर को आचार्य जे सी बसु इंडियन बोटैनिकल गार्डन का भ्रमण कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। गार्डन के डायरेक्टर डॉ देवेंद्र सिंह ने छात्रो को विश्व के सबसे बड़े बरगद वृक्ष, विक्टोरिया अमेजोनिका, नक्षत्र वाटिका, टैक्सओनोमिक पार्क, चरक वाटिका की जानकारी प्रदान की साथ ही अनेक दुर्लभ, एवं संकटापन्न पादप प्रजातियों के बारे में बताया। छात्रो ने इसके पश्चात सेंट्रल नेशनल हरबेरिम का भ्रमण कर भारत के सबसे बड़े हरबेरिम की जानकारी प्राप्त की। इस हरबेरिम मे लगभग 25 लाख स्पेसिमेन संरक्षित करके रखे गए है। सेंट्रल नेशनल हरबेरिम की वनस्पति शास्त्री डॉ दीप्ति डे ने इस इंस्टिट्यूट एवं हरबेरिम तकनीक पर प्रस्तुतिकरण दिया। छात्रो ने इस दौरान कोलकाता के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थान जैसे बिरला प्लेनेटोरियम, साइंस सिटी, विक्टोरिया मेमोरियल का भी भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण में वनस्पति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रेणुबाला शर्मा, तथा सहायक प्राध्यापक डॉ संदीप शुक्ला, सुशील अग्रवाल, डोलामणी साहू शामिल थे।




भ्रमण करते छात्र छात्राएं।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में कोतरा ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

रामपुर कप 2025-26 ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता कार्यक्रम हाईस्कूल स्टेडियम ग्राम रामपुर में आयोजित किया गया। रामपुर कप ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शंभू चौहान, सूरज नन्दे सभापति जनपद पंचायत करतला, श्रीमती सावित्री अजय कंवर सभापति जिला पंचायत कोरबा, श्रीमती सुलोचना विजय राठिया, राजेश अग्रवाल, देवेन्द्र अग्रवाल, गगन अग्रवाल, नवीन सोनी, उपस्थित रहे।

फाइनल मुकाबला रविवार को कोतरा एवं पानीपथरी के बीच हुई। कोतरा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कोतरा टीम ने 10 ओवरों में 89 रनों लक्ष्य रखा। इस लक्ष्य का पीछे करते हुए पानीपथरी के टीम ने 80 रन ही बना सके और कोतरा ने यहाँ मुकाबला 9 रनों से जीत हासिल कर लिया। पानीपथरी को हराकर कोतरा ने यहाँ ट्राफी अपने नाम कर लिया। प्रथम पुरुस्कार 51111/-रु. समिति द्वारा दिया गया। द्वितीय पुरुस्कार 25111/- रु. सूरज नन्दे के द्वारा दिया गया। तृतीय पुरुस्कार 11111 रु. श्रीमति सावित्री अजय कंवर सभापति जिला पंचायत कोरबा के द्वारा दिया गया। फायनल मैच में मैन आफ द मैच 1501 (विजय पटेल, दीसा के द्वारा दिया गया एवं केवल 32 टीमों को ही एंट्री दिया गया था। आयोजक प्रिंस इलेवन रामपुर एंव समस्त ग्रामवासी रामपुर ने किया।

# आदिकाल से मानव जीवन में योग का महत्व: लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- महिला वर्ग की जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का हुआ समापन

**कोरबा।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता (महिला वर्ग) गीतांजलि भवन पुराना बस स्टैंड में कराई गई। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं तथा महिला पतंजलि की टीम ने एक से बढ़कर एक योगासन की प्रस्तुति दी। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन थे। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, प्रमोद अग्रवाल, कोरबा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुर्मवंशी, दुर्गेश राठौर, सचिन विश्वकर्मा तथा एसोसिएशन की सदस्य उपस्थित रहीं। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि मानव जीवन में योग का महत्व आदिकाल से रहा है। प्राचीन ग्रंथों में भी उल्लेख मिलता है कि ऋषि-मुनि योग को ही साधन बनाकर अनेक बीमारियों का उपचार करते थे। उन्होंने कहा कि आज विज्ञान ने भी सिद्ध किया है कि योग से शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की समस्याओं का समाधान संभव है। प्रधानमंत्री द्वारा योग को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के प्रयासों की सराहना की। अंजू योगा सेंटर निहारिका से यहां आए बच्चों का योग परफॉर्मेंस बहुत अच्छा था। उन्होंने कहा कि पुराने समय में लोग अपने दैनिक कार्यों से ही स्वाभाविक रूप से फिट रहते थे, वहीं आज की तेज रफ्तार जिंदगी में योग हर उम्र के व्यक्ति के लिए जरूरी हो गया है। योग ध्यान से लेकर आसन तक मन, आत्मा और शरीर तीनों को संतुलित करता है। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री व एसोसिएशन के सदस्य।

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र. 202512050700006 /अ-6/ 2025-26

ग्राम छुरीकला, प.ह.नं. 12 तहसील-कटघोरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि-आवेदक **गेहेन्द्र जायसवाल पिता ताम्रध्वज जायसवाल**, निवासी **ग्राम हरदीबाजार, तहसील-हरदीबाजार, जिला- कोरबा (छ.ग.)** द्वारा ग्राम छुरीकला, प.ह.नं. 12 तहसील- कटघोरा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि **ख.नं. 417 एवं 418/4 (शा.नं. 444/2, 446/3) रकबा 0.344 एवं 0.733 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 1.077 हे.** भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में **ताम्रध्वज पिता गंगाप्रसाद** के नाम पर दर्ज है। जिसमें आवेदक द्वारा खातेदार **ताम्रध्वज पिता गंगाप्रसाद** की मृत्यु उपरांत राजस्व अभिलेख से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह **दिनांक 24.12.2025** को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज **दिनांक** 08.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार, कटघोरा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र. 202512050700005 /अ-6/ 2025-26

ग्राम छुरीकला, प.ह.नं. 12 तहसील-कटघोरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **गेहेन्द्र जायसवाल पिता ताम्रध्वज जायसवाल**, निवासी **ग्राम हरदीबाजार, तहसील-हरदीबाजार, जिला कोरबा (छ.ग.)** द्वारा ग्राम छुरीकला, प.ह.नं. 12 तहसील- कटघोरा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि **ख.नं. 1319/2 (शा.नं. 1320/5) रकबा 0.028 हे. कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 0.028 हे.** भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में **ताम्रध्वज पिता गंगाप्रसाद, प्रदीप कुमार, गेहेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार पिता ताम्रध्वज** के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। जिसमें आवेदक द्वारा खातेदार **ताम्रध्वज पिता गंगाप्रसाद** की मृत्यु उपरांत राजस्व अभिलेख से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह **दिनांक 24.12.2025** को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज **दिनांक** 08.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार, कटघोरा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

9 korba-pg4_Layout 1 12/9/2025 11:10 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जगलाल बने आप के प्रदेश संगठन मंत्री

**कोरबा।** आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी डॉ संदीप पाठक, सह प्रभारी मुकेश अहलावत की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू के मंशानुसार संगठन विस्तार के तहत प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल और प्रदेश महासचिव वदूद आलम की अनुशंसा पर पूर्व जिला अध्यक्ष कोरबा (ग्रामीण) जगलाल राठिया को प्रदेश संगठन मंत्री व कोरबा रायगढ़ जॉन प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी एवं उनके समर्थकों में खुशी की लहर देखी जा रही है। श्री राठिया ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार वे कार्य करेंगे। शीर्ष नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी दी है उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया जाएगा।

### वक्फ बोर्ड चेयरमेन ने किया शहंशाह-ए-छत्तीसगढ़ कैलेंडर का विमोचन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के चेयरमेन डॉ. सलीम राज ने शहंशाह-ए-छत्तीसगढ़ कैलेंडर का विमोचन किया। यह कैलेंडर आगामी नववर्ष के अवसर पर कोरबा सुन्नी मुस्लिम जमात के अध्यक्ष हाजी अखलाक खान असरफी द्वारा प्रकाशित किया गया है। कैलेंडर में उर्दू तिथियों के साथ राष्ट्रीय पर्व, इस्लामी त्योहार, शादी-विवाह की मुबारक तिथियां, पवित्र आयतें एवं दुआओं को स्थान दिया गया है। कैलेंडर विमोचन से पूर्व इसे दरगाह लूथरा शरीफ में बाबा साहब के आस्ताने पर पेश किया गया। इस अवसर पर लूथरा शरीफ दरगाह के खादिम हाजी शेर मोहम्मद, उस्मान खान, अब्दुल गफ्फार, हाजी शरीफ खान, हाजी मोहम्मद साबिर और यासीन खान, कोरबा मुस्लिम जमात के सरफरस्त कारी सैय्यद सब्बीर अहमद असरफी उपस्थित रहे। इसके पश्चात रायपुर पहुंचकर वक्फ बोर्ड चेयरमेन डॉ. सलीम राज के कार्यालय में कैलेंडर का औपचारिक विमोचन किया गया।

### इनरव्हील क्लब द्वारा महिला बालिका सुरक्षा पर संगोष्ठी

**कोरबा।** इनरव्हील क्लब द्वारा ऑरेंज द वल्ड स्टाप वायलेंस अगेंस वूमेन एंड गर्ल्स अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, आत्मविश्वास तथा मानसिक सशक्तिकरण पर आधारित एक महत्वपूर्ण जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आत्मविश्वास को मजबूत करना था। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि निरीक्षक भावना खंडारे, आरक्षक बेनेदित्ता ग्लोरिया बेक, मआर प्रतिभा राय, मआर सुनीता पन्ना उपस्थित रहे। इस दौरान निरीक्षक भावना खंडारे उन्होंने महिलाओं के अधिकारों की जानकारी, निर्भीक होकर अपनी बात रखने और किसी भी प्रकार की हिंसा का तुरंत विरोध करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने अभिव्यक्ति ऐप के उपयोग की जानकारी देते हुए इसे सुरक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। मप्रआर बेनेदित्ता ग्लोरिया बेक ने साइबर सुरक्षा पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन सुरक्षा, शारीरिक सुरक्षा जितनी ही जरूरी है।

### सुविधाजनक खरीदी व्यवस्था से आय में बढ़ोतरी का विश्वास

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सर्वाधिक समर्थन मूल्य, माइक्रो एटीएम, त्वरित भुगतान प्रणाली, ऑनलाइन टोकन, उपार्जन केंद्रों में सुव्यवस्थित व्यवस्था और बेहतर सुविधा की मजबूती जैसे प्रयासों ने किसानों के मन में सरकार के प्रति विश्वास को और सुदृढ़ किया है। सरकार का लक्ष्य है कि हर किसान बिना किसी कठिनाई के अपनी उपज बेच सके तथा उसे मेहनत का पूरा और पारदर्शी मूल्य मिल सके। गाँव तालापार के किसान बसंत सोनी उन अनेक किसानों में से एक हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की पारदर्शी और सुविधाजनक धान खरीदी व्यवस्था का लाभ उठाते हुए अपनी मेहनत की उपज को सम्मानजनक मूल्य पर बेचा है। 45 डिसमिल भूमि में खेती करने वाले श्री सोनी इस वर्ष कुल 8 क्विंटल 80 किलोग्राम धान लेकर बक्साही उपार्जन केंद्र पहुँचे। श्री सोनी बताते हैं कि पिछले वर्ष भी उन्होंने लगभग इतनी ही उपज विक्रय की थी, उनका कहना है कि 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिला।

### लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु 16 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत जिला कार्यक्रम अधिकारी बसंत मिंज एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी गजेंद्र देव सिंह के मार्गदर्शन में नवा बिहान से संरक्षण अधिकारी, महिला सशक्तीकरण केंद्र (हब), जिला मिशन समन्वयक रत्ना नामदेव, जेन्डर विशेषज्ञ तुलेश्वर दुबे,एवं चाईल्ड लाईन के स्टॉफ, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय अधंरीकछार, कस्तुरबा गांधी विद्यालय तथा कन्या छात्रावास एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक पीडब्लूडी विद्यालय, कोरबा में लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु 16 दिवसीय (25 नवंम्बर से 10 दिसम्बर) विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में योजनांतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह आदि योजनाओं द्वारा आर्थिक रूप से बालिकाओं को सशक्त बनाया जा रहा है। चाइल्ड लाईन 1098, गुड टच बैड टच, मातृछाया, पालना केन्द्र आदि योजनाओं के माध्यम से बच्चों को सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं।

# प्राइमरी और मिडिल स्कूल की अर्द्धवार्षिक परीक्षा की गई स्थगित

## डीपीआई के आदेश से परीक्षा स्थगित करने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

दिसंबर माह में प्राइमरी और मीडिल स्कूल की होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षा को अचानक स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। परीक्षाओं के लिए नई समय सारिणी की रुपरेखा भी नहीं तैयार की गई है। अचानक परीक्षा स्थगित किए जाने से स्कूल के शिक्षक व छात्र भी असमंजश में हैं। जिला स्तर से प्रश्न पत्र भी स्कूलों में भेज दिए गए थे और 11 दिसंबर से परीक्षाएं भी शुरु होनी थी।

भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर जिले में चल रहे एसआईआर कार्य में प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों के लगे होने से पढ़ाई के प्रभावित होने तक प्राथमिक और मीडिल स्कूल की परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। हालांकि विभाग इस संबंध में दूसरा कारण बता रहा है। जबकि 11 दिसंबर से अर्द्धवार्षिक परीक्षा होना था और इसके लिए जिला स्तर से प्रश्न पत्र भी स्कूलों में भेज दिए गए थे। अचानक मंगलवार शाम को शिक्षकों के वाट्सग्रुप में मैसेज आने से शिक्षकों को इस बात की जानकारी हुई। नवोदय विद्यालय की परीक्षा को देखते हुए परीक्षा की तिथि को संशोधित करते हुए 13 दिसंबर किया गया था। अचानक इस आदेश को देखकर शिक्षक भी अचंभित हैं। यहां यह बताना आवश्यक होगा कि 4 नवंबर से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआईआर कार्यक्रम चल रहा है। जो पूर्व में 4 दिसंबर तक चलना था जिसे बढ़ाकर 11 दिसंबर किया गया है इससे अधिकांश शिक्षक जो एसआईआर कार्यक्रम में लगे हुए हैं उनका 11 दिसंबर तक इस कार्य से अलग हो पाना मुश्किल है। वही एक माह तक प्राइमरी और मीडिल स्कूलों में पढ़ाई भी प्रभावित हुई है। इन सब स्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया जाना बताया गया है।

**खास बात**

- कब होगी परीक्षा इसकी अब तक नहीं बनी रूपरेखा



नगर निगम व आर्टिस्ट ग्रुप आफ कोरबा की संयुक्त पहल पर क्रिएटिव कार्नर अभियान का आगाज

# सिटी ब्यूटीफिकेशन को मूर्तरूप देगा क्रिएटिव कार्नर, शहर के कोने-कोने में बिखरेगा सौंदर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कार्यक्रम में उपस्थित समिति के सदस्य एवं निगम के अधिकारी।

ऊर्जाधानी के सौंदर्यीकरण को मूर्तरूप देने निगम द्वारा शुरू कराया गया क्रिएटिव कार्नर अभियान अब सिटी ब्यूटीफिकेशन को मूर्तरूप देगा एवं शहर के कोने-कोने में सौंदर्य बिखरेगा। आर्टिस्ट गुरप आफ के कलाकार नगर निगम के सहयोग से शहर के मुख्य मार्गों, संपर्क सड़कों, चैक-चैराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं उपेक्षित पडे. स्थानों पर ब्रश व रंगों के माध्यम से थीम आधारित पेंटिंग कर अपनी कला का जादू बिखरेगें तथा शहर को नया लुक देंगे। सुभाष चैक से कोसाबाड़ी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग की दीवाल पर महापौर व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने ब्रश उठाकर पेंटिंग की तथा क्रिएटिव कार्नर की शुरूआत हुई।

नगर निगम व आर्टिस्ट ग्रुप आफ कोरबा की संयुक्त पहल क्रिएटिव कार्नर अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके तहत निगम द्वारा जिले के स्थानीय कलाकारों को प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा रहा है। शहर के मुख्य मार्गों, संपर्क सड़कों, चैक-चैराहों सहित ऐसे स्थान जो बरसों से उपेक्षित पडे. हुए थे, इन स्थलों पर थीम आधारित चित्रकारी व पेंटिंग कर स्थलों को सजाया, संवारा जाएगा। जिससे शहर को एक नया लुक मिलेगा, सिटी ब्यूटीफिकेशन को दिशा मिलेगी, इससे एक ओर जहां शहर का सौंदर्य बढ़ेगा। वहीं पेंटिंग व चित्रों के माध्मय से आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, प्रदूषण से मुक्ति, शहर की स्वच्छता तथा इन सब में उनकी सहभागिता का संदेश व प्रेरणा मिलेगी। इस अभिनव योजना क्रिएटिव कार्नर की शुरूआत आज सुभाष चैक से कोसाबाड़ी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित दीवाल पर चित्रकारी व पेंटिंग के माध्यम से की गई। आर्टिस्ट गुरप आफ कोरबा के सदस्यों की उपस्थिति में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने ब्रश को थामा तथा वाल पर पेंटिंग कर अभियान की शुरूआत कराई। इस अवसर पर जोन कमिश्नर भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, आर्टिस्ट गुरप के सदस्य मनीषा अग्रवाल, अंकित सोनी, साधना धर, सुमन कुमारी, कुमकुम गुलहरे, उर्वी साहू, महावीर अग्रवाल, पंकज सोनी, गौरीशंकर साहू, कैलाश कुमार, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, उप अभियंता सोमनाथ डेहरे, अश्वनी दास, धनमोहन रात्रे आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

**क्रिएटिव कार्नर आर्टिस्टों का प्लेटफार्म**

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि हमारे कोरबा के आर्टिस्ट अत्यंत क्षमतावान हैं। जरूरत थी कि उनकी क्षमता को सामने लाने हेतु उन्हें प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाए। आर्टिस्ट ग्रुप के सदस्यों से मेरी चर्चा हुई, हमने साथ मिलकर सिटी ब्यूटीफिकेशन पर काम करने का निर्णय लिया, परिणाम स्वरूप क्रिएटिव कार्नर के रूप में कोरबा के स्थानीय कलाकारों को एक प्लेटफार्म मिला, आज इसकी शुरूआत हो चुकी है। निगम ग्रुप के सदस्यों को स्थल व सामग्री उपलब्ध कराएगा तथा ग्रुप के कलाकार सदस्य अपना निःशुल्क सहयोग देते हुए अपनी कला के माध्यम से शहर को एक नया लुक देंगे। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि शहर का हर एक कोना, जो अभी उपेक्षित पड़ा है, उसे सुंदर स्वरूप दिया जाए, शहर के मुख्य मार्ग, संपर्क सड़कें व चैक-चैराहें नये लुक में नजर आएं।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक की बेरहमी से पिटाई, दो गिरफ्तार



वायरल वीडियो में युवक से मारपीट करते बदमाश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। जहां पुलिस ने इस मामले में हमलावर युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामणी स्टेशन रोड स्थित शनि मंदिर के पास हुई। पीड़ित की पहचान प्रकाश दास के रूप में हुई है, जो राशन लेने पहुंचा था। जानकारी के अनुसार, सीतामढ़ी पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास दो युवकों के बीच पहले झगड़ा हुआ था। इसके बाद मोती सागर पारा निवासी एक युवक नशे में धुत्त करीब डेढ़ दर्जन अन्य युवकों के साथ शनि मंदिर के पास पहुंचा और प्रकाश दास पर हमला कर दिया। हमलावरों का कहना था कि प्रकाश भी पुरानी रंजिश में शामिल था, जबकि प्रकाश ने इससे इनकार किया है। प्रकाश दास के अनुसार, हमलावरों ने उसे पुरानी रंजिश का हिस्सा मानकर पीटा, जबकि वह किसी झगड़े में शामिल नहीं था। हमलावरों ने उसे लात-घूंसों, रॉड और अन्य हथियारों से पीटा। जब वह जान बचाकर एक दुकान में घुसा, तो हमलावर वहां भी घुस गए और मारपीट जारी रखी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल ने बताया कि मारपीट के मामले में बस्ती के ही युवकों का हाथ है जिसमें दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

# एसईसीएल प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप, हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत अधिग्रहित ग्राम नराईबोध के ग्रामीण अपने अस्तित्व और अधिकारों की लड़ाई के लिए एक बार फिर आर-पार के मूड में हैं। पूर्व में हुए त्रिपक्षीय समझौतों के बावजूद रोजगार उचित मुआवजा और पुनर्वास जैसी मूलभूत मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने 12 दिसंबर से गेवरा खदान और संबंधित ठेका कंपनी (पीएनसी इंफ्राटेक) के कार्यों को पूर्णतः ठप्प कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रशासन ग्रामीण और एसईसीएल प्रबंधन के बीच हुई त्रिपक्षीय बैठक में नौकरी, मुआवजा और वैकल्पिक रोजगार पर सहमति बनी थी, लेकिन धरातल पर अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेका कंपनियां अपनी मनमर्जी से भर्ती कर रही हैं जबकि जमीन देने वाले प्रभावित परिवारों के शिक्षित बेरोजगार दर-दर भटक रहे हैं। बसाहट स्थल पर विकास कार्य शून्य हैं जिससे विस्थापितों का जीवन कष्टप्रद हो गया है। ग्रामीणों ने पहले 8 और 9 दिसंबर को तालाबंदी की चेतावनी दी थी हालांकि 7 दिसंबर को एसईसीएल प्रबंधन के साथ हुई चर्चा और आगामी पूजा कार्यक्रमों को देखते हुए ग्रामीणों ने प्रबंधन को 11 दिसंबर तक का अंतिम समय (अल्टीमेटम) दिया है। ग्राम नराईबोध की पार्षद अमिला पटेल ने कहा कि हमने अपनी जमीनें एसईसीएल को दीं, लेकिन बदले में हमें सिर्फ आश्वासन मिला। यदि 11 दिसंबर तक हमारी मांगों पर कोई ठोस आदेश पारित नहीं होता है तो 12 दिसंबर से पूरे गांव के लोग खदान और गेट बंदी करने के लिए बाध्य होंगे। आंदोलन की सूचना विधायक कटघोरा, जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक और एसईसीएल के उच्च अधिकारियों को भी दी जा चुकी है।

**खास बात**

- 12 से अनिश्चितकालीन गेट जाम, गेवरा खदान बंदी की ऐलान

# पांच गांव की 607 हेक्टेयर भूमि पर रजिस्ट्री व नामांतरण पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने दीपका विस्तार परियोजना के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में भूमि की खरीदी बिक्री, रजिस्ट्री और नामांतरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। यह रोक कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत स्वीकृत 40 मिलियन टन कोयला उत्पादन परियोजना के लिए लागू की गई है। निर्देशानुसार ग्राम हरदीबाजार (भाग), सरइसिंगार (भाग), रेंकी (भाग), कटकीडबरी (भाग) और नवापारा (भाग) की कुल 607.118 हेक्टेयर भूमि को अर्जन प्रक्रिया में शामिल किया गया है। इस भूमि अर्जन के लिए सेक्शन 9 (प) के तहत एस.ओ. क्र. 5445 (अ) का प्रकाशन 26 नवंबर 2025 को किया जा चुका है। कलेक्टर अजीत वसंत ने छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा एवं पाली, जिला पंजीयक कोरबा तथा तहसीलदार दीपका एवं हरदीबाजार को आदेश दिया है कि इन ग्रामों की अर्जित भूमि पर किसी भी प्रकार की खरीदी-बिक्री, रजिस्ट्री या नामांतरण की कार्यवाही तुरंत रोक दी जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें।

**खास बात**

- कलेक्टर ने बंद कराई भूमि खरीद बिक्री

## जरूरतमंद लोगों को कंबल का किया गया वितरण

**कोरबा।** कड़ाके की ठंड के बीच से 45 किलोमीटर दूर कटघोरा क्षेत्र के गुडरमुड़ा गांव में हरियर धरती रेल पर्यावरण संरक्षण समिति कोरबा के द्वारा जरूरतमंद लोगों को कंबल एवं साड़ियों का वितरण किया गया। साथ ही हरियर मित्रों के द्वारा एकत्रित किए गए कपड़ों को भी उन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। मानव सेवा के लिए इस महादान एवं पुनीत कार्य में प्रति वर्ष हरियर मित्रों का सहयोग मिलता आ रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरियर मित्रों का योगदान रहा। इस अवसर पर आनंद गुप्ता, गुलाब धुर्वे, संजीत गोंड, गणेश स्वर्णकार, धनेशवर साहू, सुधीर कुमार, धर्मवीर कुमार, नीरज कुमार, अजय साहू, नंदलाल यादव, संतोष कुमार, अमरेश सिन्हा, वीके राम, बीएन रजक, भूपेश कुमार, आरके दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ राठौर समाज के चुनाव में केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त

**हरदीबाजार।** अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवीलाल राठौर के आदेशानुसार राष्ट्रीय महामंत्री मनोज राठौर के द्वारा केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए जिसमें जितेन सिंह राठौड़, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ चुलेश्वर राठौर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा रामनिवास राठौर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महासभा, अशोक राठौड़ गुना वाले राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महासभा को नियुक्त किया गया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय राठौर क्षत्रिय सभा का चुनाव 12, 13 और 14 दिसंबर को जांजगीर में चुनाव होगा। प्रांतीय अध्यक्ष सनत कुमार राठौर, चुनाव अधिकारी गोवर्धन राठौर व प्रदेश संयोजक केदार सिंह राठौर व उनके टीम नेतृत्व में चुनाव संपन्न होने जा रहा है। जिसमें विभिन्न समितियां का गठन कर जवाबदारी सौंपी गई है। राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर चौक ऑडिटोरियम जांजगीर में निष्पक्ष चुनाव संपन्न होगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

दर-दर की ठोकर खा रहे किसान, 35 दिनों से लगा रहे करतला तहसील के चक्कर

# बिना मौके पर गए पटवारी ने धान की फसल को बता दिया मूंगफली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी



तहसील पहुंचे प्रभावित किसान।

पटवारियों द्वारा किए गए गिरदावरी में इतनी बड़ी त्रुटि होने से किसानों का जीना मुश्किल हो गया है। मामला करतला तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा (चैनपुर) एवं घिनारा का है।

करतला तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा चैनपुर निवासी रामप्रसाद पटेल ने बताया कि उनके पास मौजूद पर्ची में प्रत्येक वर्ष वो 5.80 एकड़ भूमि में धान की फ़सल लगाते है। इस वर्ष हुए गिरदावरी में पटवारी द्वारा त्रुटिपूर्ण जानकारी दर्ज़ करते हुए महज़ एक एकड़ में ही धान का फ़सल दर्शाया जबकि बाकी बचे हुए 4.80 एकड़ भूमि को धान लगे रहने के बावजूद उसमें मूंगफली फ़सल दर्शा दिया गया। परेशान किसान रामप्रसाद ने जिला कलेक्टर सहित तहसीलदार, पटवारी, मंडी समिति सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों के पास शिकायत किया परन्तु आज तक उसका निराकरण नहीं हुआ जिससे किसान और उसका पूरा परिवार करतला तहसील के चक्कर काट- काट कर परेशान है। किसान ने बताया कि लगभग 35 दिनों से वो करतला तहसील के चक्कर लगा रहा है। दोबारा गिरदावरी रिपोर्ट पटवारी द्वारा तहसील में जमा कर दिया गया फिर भी फ़सल विवरण में सुधार नहीं हो रहा है जिससे समर्थन मूल्य पर धान बिक्री से वो वंचित हो रहे है। इसके साथ ही ग्राम घिनारा निवासी छत्रपाल सिंह राठिया ने बताया कि का कुल 15.50 एकड़ भूमि है जिसमें धान लगाया गया है जबकि गिरदावरी रिपोर्ट में 7 एकड़ भूमि में अन्य फ़सल दिखाया जा रहा है। जब दोबारा मौका जांच हुआ तो पटवारी ने पाया कि मौके पर धान की फसल है। अब किसान द्वारा कई बार तहसील में आवेदन देने के बाद भी फसल विवरण नहीं सुधारा गया और करतला तहसील के चक्कर एक माह से काटने पर छत्रपाल सिंह राठिया विवश है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
40 शीटें शेष
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411